हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 30 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 28.6 डिग्री
न्यूनतम 12.9 डिग्री

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

9 विभिन्न नस्तियों का संधारित व्यवस्थित ढंग से करें...



10 सड़कों के निर्माण कार्यों को दें प्राथमिकता



# बस्तर में अब तक 5339100 मीट्रिक क्विंटल हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में खरीफ सीजन के लिए किसानों को उनके उपज का वास्तविक दाम दिलाने छत्तीसगढ़ शासन पिछले 1 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रारम्भ किया। प्रदेश में सरकार बदलते ही और नई सरकार ने प्रति क्विंटल दाम बढ़ाने के बाद बड़ी संख्या में कृषक उपार्जन केंद्र पहुंचने लगे है। नई सरकार अपने वादे के मुताबिक घोषणा पर अमल करते दो वर्ष का बोनस भी किसानों के खाते में जमा कर दिया है। किसान अब तेजी से अपना उपज बिक्री के लिए उपार्जन केंद्र पहुंच रहे है। यही कारण है, कि सम्भाग के कांकेर जिले में सर्वाधिक 1233177 मीट्रिक क्विंटल धान खरीदी की जा चुकी है। जबकि बदतर में 892984 मीट्रिक क्विंटल धान जिले के 54943 कृषकों के द्वारा बेचा गया है। इस क्रम में कोंडागांव में 120174 मीट्रिक क्विंटल, नारायणपुर में 120174 मेट्रिक क्विंटल और सुकमा जिले में 210047 मीट्रिक क्विंटल धान खरीदी की गई है।

## 1233177 मीट्रिक क्विंटल धान की कांकेर में खरीदी

- संभाग में 2 लाख 71 हजार 157 पंजीकृत किसानों में केवल 10 हजार 6974 ने बेचा अपनी उपज



### 271157 कृषकों में 106974 ने बेचा धान

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कंट्रोल कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार सम्भाग में धान विक्रय के लिए 271157 कृषकों ने पंजीयन कराया था लेकिन 106974 किसानों ने ही अपना उपज बेचे हैं। इस तरह औसत बिक्री अब तक 42.66 प्रतिशत ही हुई है।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दिये निर्देश

# प्रमुख सचिव ने अपराधों की रोकथाम एवं नक्सल अभियान की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



प्रमुख सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने 29 दिसम्बर को संभाग अंतर्गत समस्त जिलों की कानून-व्यवस्था की स्थिति, अपराधों की रोकथाम, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, नक्सल विरोधी अभियान एवं पुलिसिंग संबंधित विषयों पर समीक्षा बैठक ली। वर्ष 2023 एवं उसके पूर्व की अवधि में बस्तर संभाग अंतर्गत घटित अपराधिक प्रकरणों की तुलनात्मक विश्लेषण, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही एवं जुआ, सट्टा, अवैध शराब अन्य नशीले पदार्थों के विरूद्ध किये गये कार्यवाही की भी समीक्षा की गई। प्रमुख सचिव ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कानून व्यवस्था एवं बुनियादी पुलिसिंग के संदर्भ में दिये गये दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने हेतु समझाईश दी। समीक्षा बैठक के दौरान आईजी सुन्दरराज पी., उप पुलिस महानिरीक्षक, कांकेर रेज बालाजी राव, उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस ▶▶| शेष पेज 8 पर

# 50 नग प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिले में अवैध प्रतिबंधित नशीली दवा, अपराधों की रोकथाम एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन, उन्नति ठाकुर एसडीओपी के पर्यवेक्षण में एवं निरीक्षक धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में गीदम पुलिस लगातार अवैध कार्यों में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही कर रही है।

28 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि गुमडा रोड हाउरनार मोड़ के पास दो व्यक्ति वीर कुमार झा और हितेश बेंजाम प्रतिबंधित नशीली सिरप अवैध रूप से बिक्री करने के लिए रखे हुये हैं, गीदम थाना पुलिस द्वारा ▶▶| शेष पेज 8 पर


## पर्यटन: उद्यान में नए रोमांच के साथ पर्यटक कर रहे कायाकिंग

# कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में इस वर्ष पर्यटकों की संख्या 9 गुना बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर जिले दरभा ब्लॉक में स्थित कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नवंबर 2022 में 18000 हजार, विदेशी 16 पर्यटक एवं नवंबर 2023 में 1.28 लाख, 43 विदेशी पर्यटक पहुंचे, इस तरह से पिछले वर्ष से इस वर्ष 9 गुना पर्यटक पहुंचे। वर्ष 1982 में स्थापित 200 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का राष्ट्रीय उद्यान यहां की 15 से अधिक सुंदर लाइमस्टोन की गुफाएं, तीरथगढ़, कांगेर धारा जलप्रपात, दुर्लभ वन्य जीव वन्यजीव जैसे उदबिलाव, माउस डियर, जॉइंट स्क्विरल, लेथिस सॉफ्टशेल टर्टल, जंगली भेड़िया के ▶▶| शेष पेज 8 पर



**50 कर्मचारी तैनात:** उद्यान के निदेशक धम्मशील गणवीर ने बताया कि उद्यान में पर्यटकों के लिए लगभग 50 कर्मचारी तैनात हैं, जो पर्यटकों की सुविधा में जुटे रहते हैं। उद्यान में जंगल से स्कूली बच्चों को जोड़ने और प्रकृति के प्रति प्रेम उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है।

## हितग्राहियों को मिल रहे ढाई लाख की आय

उद्यान में 6 वर्ष 5 महीने में पर्यटक 765055 देशी व 416 विदेशी पहुंचे, हालांकि इस वर्ष पिछले वर्ष से पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। बताया जा रहा है कि उद्यान में छह वर्ष 5 महीने में लगभग 4 करोड़ 66 लाख 15 हजार 275 रूपए की आय हुई। उद्यान में वर्ष 2017 में 125583 देशी, 85 विदेशी, वर्ष 2018 में 127603 देशी, 80 विदेशी, वर्ष 2019 में 141351 देशी, 148 विदेशी, वर्ष 2020 में 50595 देशी, 11 विदेशी, वर्ष 2021 में 92285 देशी, 3 विदेशी, वर्ष 2022 में 160887 देशी, 46 विदेशी एवं वर्ष 2023 के जनवरी से 66751 देशी, 43 विदेशी पर्यटक पहुंचे। इससे 6 वर्ष 5 महीने में 7 लाख 65 हजार 471 पर्यटकों से अब तक 4 करोड़ 66 लाख 15 हजार ▶▶| शेष पेज 8 पर

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124



## खबर संक्षेप

### आईईडी की चपेट में आने से जवान घायल

**बीजापुर।** नक्सलियों के लगाए हुए आईईडी की चपेट में आकर बस्तर फाइटर का एक जवान घायल हो गया। उसके दाएं पैर में गंभीर चोट आई हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सल विरोधी अभियान पर सर्चिंग के लिए डीआरजी, बस्तर फाइटर एवं कोबरा की संयुक्त टीम निकली थी। गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हीरोली एवं कावड़गांव के मध्य नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी ब्लास्ट होने से डीआरजी के जवान अरविन्द एक्का को दाएं पैर में गंभीर चोट आई है। घायल जवान अरविंद एक्का का जिला चिकित्सालय में उपचार किया गया उसके बाद बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा गया।

### परसुली मड़ई 2 जनवरी को

**धमतरी।** ग्राम परसुली में ग्रामवासियों के सहयोग से इस वर्ष भी दो जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए शिव भोला पार्टी करमतरा खैरागढ़ का कार्यक्रम होगा। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बिष्णुराम साहू, सचिव मोहित साहू ने बताया कि मड़ई के लिए मैदान की साफ-सफाई की जा रही है।

### आज लगेंगे चारों विकासखंड में 14 संकल्प शिविर

**धमतरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 29 दिसम्बर को जिले के चारों विकासखण्डों में 14 संकल्प शिविर लगाये जायेंगे। धमतरी विकासखण्ड के सिवनीखुर्द, बरना, कुरूद विकासखण्ड के नवागांव थू, अंवरी, थूहा, भेंडसर, मगरलोड विकासखण्ड के धौराभाठा कपालफोड़ी और नगरी विकासखण्ड के बनबगौद, दुगली, बाजार कुर्रीडीह तथा कौहाबाहरा में संकल्प शिविर आयोजित किये जायेंगे। इसके साथ ही विकसित भारत, हमारा संकल्प मोदी की गारंटी की गाड़ी नगरपालिक निगम धमतरी में सुबह 8 से 12 बजे तक अंबेडकर वार्ड स्थित इंडोर स्टेडियम आमातालब में तथा दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक गोकुलपुर वार्ड स्थित एकलव्य खेल परिसर में पहुचेगी। यहां शिविर आयोजित किया जायेगा। शिविर में लोगों से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने की है।

### नाले के गड्ढे से लोग हो रहे हादसे का शिकार



**कुकरेल(धमतरी)।** उपतहसील कुकरेल से महज 2 किमी दूर बनबगौद नाला के जानलेवा गड्ढे से आये दिन राहगीर घायल हो रहे हैं। ज्ञात हो कि कुकरेल से बिरझुली पहुंच मार्ग की हालत बहुत खराब है। जगह-जगह गिट्टियां उखड़ी हुई हैं। बासीखाई से कोटरवाही तक पीएमजीएसवाय सड़क का निर्माण अधूरा होने से जनता को काफी परेशानियां हो रही हैं।
गौरतलब है कि कुकरेल बिरझुली मार्ग के बाजारकुर्रीडीह से बासीखाई के मध्य सड़क मार्ग की मरम्मत अरसे से नहीं की गई है जिसके कारण जगह-जगह गड्ढे हैं। उखड़ी हुई गिट्टियां परेशानियों का सबब बनी हुई हैं। इस मार्ग पर केरवाही से 4 किमी दूर नरहराधाम है जहां पर्यटक आये दिन नरहरा धाम पहुंचते हैं लेकिन उबड़-खाबड़ मार्ग के कारण लोगों में निराशा का भाव देखा जा सकता है। पूर्व सरपंच नरेश कुमार मरकाम, पूर्व उप सरपंच परसराम मरकाम, अजय कुमार नेताम, मनोहर साहू, टारजन दास मानिकपुरी, गोविंद पडौटी, मनोज सूर्यवंशी आदि ने सड़क मार्ग की शीघ्र मरम्मत की मांग की है।



# अक्षय कलश शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनोरा

अयोध्या में बनाए गए भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए आए अक्षत कलशो के साथ धनौरा नगर मे भव्य अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ नगर के हनुमान मंदिर में रखे अक्षत कलश की पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया, जिसमे डीजे की धुन मे सनातनियों के द्वारा आतिशबाजी के साथ उत्साह पुर्वक नाचते कुदते नगर भ्रमण किया गया। यात्रा पर निकले कलश का जगह - जगह पुष्प वर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। अयोध्या से आए 07 अक्षत कलशों को युवतियों ने सिर पर धारण करके चल रही है अक्षत कलश के स्वागत में हिन्दु झुम उठे, लोगो ने डीजे की धुन पर श्रीराम के जयकारों पर नृत्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। यह कलश यात्रा हनुमान मंदिर से शुरू हो कर नगर भ्रमण करते हुए शिव मंदिर में समापन किया गया।

**प्रवचन :** कथा वाचक ने किया सुदामा चरित्र का वर्णन

# गरीबी में संसार नहीं केवल होता है ईश्वर का आश्रय : अंकुश महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर






नगर के टाउन क्लब मैदान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवे दिन शुक्रवार को कथा व्यास ने सुदामा चरित्र और शिशुपाल वध के प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने शिशुपाल की 100 गलतियों को क्षमा किया परंतु शिशुपाल के न मानने के कारण भगवान को उसका संहार करना पड़ा। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि गरीब से संसार में कोई प्रेम करने वाला नहीं है, गरीब से कोई बात करने को तैयार नहीं होता। कहते हैं बन जाते हैं मित्र जब धन पास होता है, टूट जाता है गरीबी में रिश्ता जो खास होता है। गरीबी में केबल प्रभु ही काम आते हैं। कथा व्यास ने कहा कि भगवान प्रेम के भूखे हैं। कलयुग में प्रभु नाम स्मरण ही कल्याण का आधार है। कथा वाचक अंकुश महाराज ने सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सुदामा पर जब गरीबी आयी, तो पत्नी के बार बार आग्रह करने पर अपने मित्र श्री कृष्ण के पास द्वारका पहुंचे। द्वारकाधीश श्याम सुन्दर भगवान अपने मित्र सुदामा की हालत को देखकर बड़े दुखी हुए। द्वारकाधीश इतने रोये कि अश्रुबिन्दों से ही मित्र सुदामा के पैर धुल गये। भगवान ने अपना मित्र धर्म निभाया। आपत्ति के समय धैर्य,धर्म,मित्र और पत्नी चार की परीक्षा होती है। प्रभु सब कुछ करने में समर्थ है, असंभव को भी संभव कर देते है। भगवान श्री कृष्ण ने दो मुट्ठी चावल खाकर मित्र सुदामा को दो लोकों का स्वामी बना दिया। सुदामा की गरीबी मिटाकर अपने समान कर दिया।

# सेनानी ने बोरगांव पीटीसी का किया वार्षिक निरीक्षण



**फरसगांव।** पुलिस प्रशिक्षण केंद्र बोरगांव में 29 दिसम्बर शुक्रवार को सेनानी आरपी प्रधान द्वारा वार्षिक निरीक्षण लिया गया। सेनानी के द्वारा परेड एवं ईकाई परिसर का निरीक्षण किया तदोपरान्त प्रशासनिक भवन में सैनिक सम्मेलन लिया गया। समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान सम्पादित किये गये कार्यों की समीक्षा कि गई तथा अधूरा निर्माण कार्य शीघ्र हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

सेनानी ने अपने उद्बोधन में कि व्यवसाहिक दक्षता के लिए निरन्तर कर्मचारियों को प्रशिक्षण के प्रति समर्पित रहने की आवश्यकता हैं। तथा आने वाले नये वर्षो के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने हेतु कार्मिको को निर्देशित किया तथा अन्त में समस्त कार्मिको को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सैनिक सम्मेलन का समापन किया।

निरीक्षण के दौरान सहायक सेनानी संतोष कुमार झारिया, प्रभारी सडीआई भगवान सिंह, सीमा सहारे, सहायक उप निरीक्षक, स्वपन सरकार, सुरेश कुमार जैन, राजाराम धुर्वे, राकेश चंद, कृष्ण कुमार पोयाम, रामकुमार खुंटे, संजय शेखर साना, दिनेशलाल लकड़ा, रामरतन साहू, राजूलाल मंडावी, जयभारत तांडी, पवन कुमार साहू, राजूराम पाण्डे, लखनलाल सिन्हा, उद्यौलाल भारद्वाज, अनन्त कुमार बघेल, जयराम नेताम, रामप्रसाद नेटी, नन्दकुमार नारंग, रूपेन्द्र कुमार साहू, सुमन कुमार नाग, नीलूकुमार निषाद उपस्थित हुए।

# फरसगाव कॉलेज में हुआ वार्षिक स्नेह सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

शासकीय महाविद्यालय फ़रसगांव में 29 दिसम्बर शुक्रवार को वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फरसगांव के एसडीएम अनिकेत साहू एवं शा. गुण्डाधुर पीजी महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. किरण नुरूटी उपस्थित रहे। जिसमे अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सिद्धार्थ चौधरी ने की। एसडीएम एवं प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को उनके करियर से संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं सहित छात्र छात्राएं उपस्तिथ रहे।

### खेल मैदान में आयोजकों से मारपीट करने वालों पर जुर्म दर्ज

**धमतरी।** क्रिकेट मैच के दौरान खेल मैदान में आवाजाही करने से मना करने पर आयोजकों से मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार विवेकानंद कालोनी निवासी सानिध्य मिश्रा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एकलव्य खेल मैदान में महाराणा प्रताप कप रात्रिकालीन क्रिकेट मैच का आयोजन किया जा रहा है। वह आयोजक समिति का सदस्य है।

27 दिसंबर की रात्रि लगभग 10.45 बजे चल रहे क्रिकेट मैच के दौरान योगी सोनकर दानीटोला, मोनू सोनकर रामपुर वार्ड, लोकेश साहू, सचिन ढीमर मराठापारा निवासी अपने अन्य दोस्तों के साथ बार-बार बाउन्ड्री के अंदर आना-जाना कर रहे थे, जिसके कारण क्रिकेट मैच में व्यवधान हो रहा था, यह देख अर्पित सिंह के साथ युवकों को बाउन्ड्री के अंदर आना-जाना करने से मना किया। जिस पर युवक वाद-विवाद कर जान से मारने की धमकी देते हुये अर्पित सिंह से मारपीट करने लगे। कुछ देर बाद मंच के पास आकर उसे भी गाली देते हुये मारपीट की। युवक बटंची चाकू से भी लैस थे।

# सेवानिवृत्त रूपसिंह को अफसरों ने विदाई दी

**केशकाल।** वनमंडल केशकाल में पदस्थ श्री रूपसिंह नेताम अर्दली/चौकीदार को 29 दिसम्बर 2023 को इस माह के अंतिम कार्य दिवस होने के कारण उनका विदाई सामारोह का आयोजन किया गया। श्री नेताम का प्रथम नियुक्ति दिनांक 28 जुलाई 2006 को नारायणपुर वनमंडल से प्रारंभ की गई एवं नारायणपुर वनमंडल से केशकाल वनमंडल में स्थानांतरण 01/09/2016 में होने के पश्चात केशकाल वनमंडल में लगातार कार्यरत थे। वन विभाग में 17 वर्ष 05 माह 03 दिन के बाद सेवानिवृत्त हो रहे है।



इस विदाई कार्यक्रम में वनमंडलाधिकारी केशकाल श्री गुरूनाथन एन. (भा.व.से.) के द्वारा श्री नेताम के कार्यकाल के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुये एक ईमानदार, निष्ठावान एवं कर्मठ कुशल तथा लगन से कार्य करने वाले कर्मचारी बताते हुये उनके उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ के लिए कामना करते हुये शासकीय सेवा से मुक्त होकर अपना परिवार के साथ पूरा समय व्यतीत करने हेतु शुभकामनाएं देते हुये वनमंडल की ओर से स्मृति चिन्ह तथा शॉल एवं श्रीफल भेट की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री चैतन्य पोर्ते द्वारा किया गया तथा विदाई समारोह में वनमंडल में श्री नेताम को शुभकामनाएं देने वाले में श्री सेवकराम ठाकुर, (परिक्षेत्र अधिकारी केशकाल) श्री विनोद ए.एस. उपवनक्षेत्रपाल, श्रीमती शालिनी धुरव वनपाल, श्री उमेश गावडे, श्री संजू मंडावी, श्रीमती अमिता मरकाम, सुश्री दीपा शोरी, श्रीमती भुनेश्वरी बघेल विश्वकर्मा, श्रीमती भूमिका सोनवानी, श्री हिमेश्वर कोकिला एवं वनमंडल कार्यालय में कार्यरत स्टॉफ एवं समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहकर भावभिन्नी विदाई दी गई।

# कांटा तालाब का अस्तित्व खतरे में

- शासकीय जमीन पर एक समाज बना रहा है भवन
- अन्य समाज भी शासकीय भूमि पर कब्जे की फिराक में

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



सुभाष नगर स्थित कांटा तालाब अवैध कब्जा का शिकार हो रहा है। एक समाज ने यहां सामुदायिक भवन बनाने के नाम पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। वहीं अन्य समाज के लोग भी शासकीय जमीन पर कब्जा करने की फिराक में है। गुरूवार को सुभाष नगरवासियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अवैध कब्जा रोकने की मांग की है अन्यथा उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

सुभाष नगर, शीतलापारा, हटकेशर निवासी त्रिलोचन देवांगन, मोहन पटेल, भगवानी देवांगन, टिकेश साहू, चन्द्रहास साहू, राजाराम महार, रंभा, राजकुमारी, जितेन्द्र देवांगन, नरेन्द्र, गीता, प्रणव, संगीता, भोलाराम सहित अनेक लोगों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन में कहा है कि सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 40 में स्थित कांटा तालाब में अवैध कब्जा किया जा रहा है। तालाब किनारे सर्व समाज के लिए सामुदायिक भवन बनाया गया है लेकिन एक समाज द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए गड्ढा खुदाई का काम शुरू कर दिया गया है। जिससे अन्य समाज के लोग भी सामाजिक भवन के नाम से जमीन कब्जा करने की फिराक में है। एक समाज द्वारा बनाए जा रहे सामाजिक भवन को नहीं रोका गया तो पूरा कांटा तालाब अतिक्रमण की चपेट में आ जाएगा। आगे कहा कि कांटा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए शासन से राशि पास हो चुकी है। भविष्य में निगम की शासकीय योजनाओं के लिए कांटा तालाब महत्वपूर्ण स्थल साबित होगा। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि शासकीय जमीन से अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो वार्डवासियों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसकी समस्त जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# 1 लाख से अधिक के गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी।** अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहे आरोपी को अर्जुनी पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक लाख 4 हजार 320 रूपये कीमत का अवैध गांजा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार बुधवार को अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से ग्राम सांकरा में एक व्यक्ति द्वारा अवैध गांजा रखकर उसकी पुड़िया बनाकर बेचे जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल सांकरा पहुंची। यहां एक व्यक्ति पुड़िया में अवैध रूप से गांजा की बिक्री करते पाया गया। पूछताछ में उक्ति व्यक्ति ने अपना नाम ढावल राम साहू ग्राम सांकरा थाना अर्जुनी निवासी बताया। उसके कब्जे से बरामद धान बीज की बोरी की तलाशी ली गई। इस दौरान बोरी के भीतर से 10 किलो 432 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजे की कीमत 1 लाख 4 हजार 320 रूपये हैं।

पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट 20-ख 2-बी के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी ढावल राम साहू पिता मनराखन उम्र 56 वर्ष ग्राम सांकरा थाना अर्जुनी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेश मरई, एएसआई राजेन्द्र सोरी, अमित सिंह, उत्तम निषाद, आरक्षक खेमू हिरवानी, लुकेश ठाकुर, महिला आरक्षक वासिनी साहू का योगदान रहा है।

## पेज 7 के शेष

### प्रमुख सचिव ने अपराधों .....

अधीक्षक, जिला बस्तर जितेन्द्र सिंह मीणा सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पूर्व में 24 दिसम्बर को बस्तर भ्रमण में पहुंचे पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, नक्सल विरोधी अभियान विवेकानंद सिन्हा द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान जिलेवार नक्सल विरोधी अभियान, विकास कार्यों की सुरक्षा एवं व्हीआईपी सुरक्षा इत्यादि विषयों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारी एवं केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### 50 नग अवैध प्रतिबंधित .....

त्वारित कार्य करते हुए वैधानिक कार्यवाही के लिए टीम रवाना की गई। घटना स्थल पहुंचकर संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिनकी विधिनुसार कार्यवाही करते हुए तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से कुल 50 नग नशीली सीरफ 50 नग सीलबंद सीसी मिला। दोनों आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दन्तेवाड़ा के न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर लिया गया। कार्यवाही में उपनिरीक्षक निर्मल वर्मा, सउनि पंकजधर, प्रआर बीरेन्द्र नाग, आर. भील कुमार नाग का योगदान रहा।

### कांगेर घाटी राष्ट्रीय .....

साथ-साथ 200 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां, वनस्पतियों की 900 अधिक प्रजातियों और तितलियों की 140 से अधिक प्रजातियों के ख्याति प्राप्त है। उद्यान के समीप धुड़मारास में ईको-विकास समिति ने कायाकिंग की जा रही है। कयाकिंग के लिए पर्यटकों को दरभा रोड से पेदावाड़ा बैरियर से होते हुए धूड़मारास पहुंच सकते हैं।

### हितग्राहियों को मिल रहे ....

275 रूपए की आय मिली। समितियों में से प्रत्येक हितग्राही को साल भर में लगभग ढाई लाख रुपए की आय मिल रही है।

# रबी फसल का बीमा 31 दिसंबर तक, अभी भी आधे किसानों ने नहीं कराया बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रबी फसल के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा की अंतिम तिथि सिर्फ दो दिन शेष है लेकिन आधे से अधिक किसानों ने अब तक फसल का बीमा नहीं कराया गया है। कृषि विभाग ने किसानों से 31 दिसंबर तक फसल बीमा कराने की अपील की है।

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रबी फसल के लिए धमतरी जिले में गेहूं, चना, सरसों तथा अलसी को प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत अधिसूचित किया गया है। गेहूं सिंचित के लिए प्रति हेक्टेयर 32000 रूपये का बीमा होगा। इसके लिए देय प्रीमियम राशि 480 रूपये है। वहीं असिंचित क्षेत्र में गेहूं के लिए प्रति हेक्टेयर 23000 रूपये का बीमा होगा। इसकी प्रीमियम राशि 345 रूपये है। इसी तरह चने की प्रति हेक्टेयर बीमित राशि 34000 रूपये है। इसकी प्रीमियम राशि 510 रूपये है। इस साल जिले में राई-सरसों तथा अलसी का भी बीमा हो रहा है। राई-सरसों का प्रति हेक्टेयर बीमा 23000 रूपये का होगा। इसकी प्रीमियम राशि 345 रूपये तथा अलसी की 16000 रूपये प्रति हेक्टेयर बीमित राशि है। इसका प्रीमियम 240 रूपये किसानों द्वारा देय होगा। कृषि विभाग द्वारा बीमा कराने के लिए शहर के वार्डों से लेकर ग्रामीण स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कृषि अधिकारी श्री पनिका ने बताया कि पिछले वर्ष करीब 12 हजार किसानों ने रबी में चना, गेहूं की फसल ली थी जिसमें से 4994 किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा कराया था। उस समय 1730 हेक्टेयर फसल का बीमा हुआ था। इस साल रबी फसल बीमा की अंतिम तारीख 31 दिसंबर है। 4861 किसानों ने बीमा के लिए आवेदन किया है। श्री पनिका ने किसानों से कहा है कि बीमा के लिए समय 3 दिन शेष है।

#### यहां करा सकते हैं बीमा

रबी फसल के लिए अंतिम तिथि 31 दिसंबर से पूर्व निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक, प्राथमिक सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र, भारत सरकार की बीमा पोर्टल था। डाक विभाग के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि प्रमाण पत्र, फसल बुआई प्रमाण पत्र की जरूरत होगी।

## भाजपा शासित प्रांतों की तर्ज पर छग में भी पेट्रोल-डीजल में वेट कम करें : सुबर्तो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ प्रदेश की अर्थव्यवस्था डांवाडोल है। पूर्व की सरकार की गलत नितियो का परिणाम है कि आज छत्तीसगढ कर्ज के बोझ में दबा हुआ है। लेकिन छत्तीसगढ खनिज व वन सम्पदा से भरा है। एक सम्पन्न राज्य को सही संचालक की जरूरत है जिसकी कमी पिछले 5 वर्ष तक बनी रही। 5 वर्ष सिर्फ बाते होती रही। विष्णुदेव के रूप मे छत्तीसगढ को एक सज्जन मुख्यमंत्री मिला है जिनके काम पर जनता का विश्वास है बाते कम और काम ज्यादा पर फोकस रहता है। भाजपा नगरनार मंडल के अध्यक्ष सुबर्तो विश्वास ने मीडिया को जारी बयान यह बातें कही।



■ नये साल मे प्रदेश की जनता को दर में कमी कर दे उपहार

उन्होंने कहा कि भी भाजपा के राज्य सरकार ने पेट्रोल व डीजल से वेट कम कर आम उपभोक्ताओं को राहत दी थी,लेकिन छत्तीसगढ की कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ की जनता को कोई राहत नही दी थी किन्तु लगातार केन्द्र पर पेट्रोल दर वृद्धि का आरोप लगाती रही। जनता ने चौथी बार भाजपा की सरकार बना कर भाजपा पर विश्वास किया है। अब छत्तीसगढ की जनता को आशा व विश्वास है कि भाजपा की विष्णुदेव सरकार छत्तीसगढ की जनता को नये साल में पेट्रोल व डीजल पर वैट कम कर आम जनता को भारी राहत दे सकती है। डीजल के दाम कम होने से महंगाई पर कुछ राहत हो सकती है। ट्रांसपोर्ट और किसान को ज्यादा राहत मिलेगी। वहीं पेट्रोल की कमी से हर वर्ग आम जनता, स्टूडेंट्स, कर्मचारी को राहत होगी। मेरी सरकार से आग्रह है ऐसी योजनाएं जिनसे आम जनता को ज्यादा लाभ नही हो रहा बंद कर पेट्रोल व डीजल पर राहत देना चाहिए।

### प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ ने ली विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक

# सड़कों के निर्माण कार्यों को दें प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



प्रमुख सचिव गृह एवं वन विभाग मनोज पिंगुआ ने कहा कि क्षेत्र में विकासात्मक कार्यों का अच्छा प्रयास किया जा रहा है, जिसका निकट भविष्य में बेहतर परिणाम दिखने लगेगा। उन्होंने कहा कि निर्माण विभाग क्षेत्र की जनता की प्रमुख मांग वाली सड़कों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दें। साथ ही अंदरूनी इलाकों में सड़क, पुल-पुलिया निर्माण के लिए राजस्व, पुलिस व वन विभाग मिलकर कार्यो को गति दें। प्रमुख सचिव शुक्रवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में पुलिस, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाय और टेली कम्यूनिकेशन संस्था के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

प्रमुख सचिव ने टेली कम्यूनीकेशन संस्थाओं द्वारा बस्तर संभाग क्षेत्र में किया जा रहे कार्यो की समीक्षा। इसके साथ पीएमजीएसवाय के सड़कों के विकास, लोक निर्माण विभाग के एलडब्ल्यूई अन्तर्गत आरआरपी-01,02 के निर्माण कार्यो की प्रगति की, छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र राज्य की सीमा में सड़क-पुल निर्माण कार्यों की प्रगति, सीएसपीडीसीएल के द्वारा विद्युतिकरण के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में प्रमुख सचिव ने पीएमजीएसवाय के अधिकारियों को सड़कों के विकास लगे मजदूरों का भुगतान तत्काल करवाने पर जोर दिया। उन्होंने बस्तर क्षेत्र में संवदेनशील इलाको में जो क्षेत्र नक्सलमुक्त हुए हैं उन स्थानों के नाम से अन्य जगहों में संचालित आश्रम-छात्रावास, हॉस्टल को उसी गांव में संचालित करवाने पर भी चर्चा किया। साथ ही पुलिस विभाग के द्वारा संचालित मनवा नवा नार के प्रगति पर भी चर्चा। बैठक में वन विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा में वनधन विकास केन्द्र प्रधानमंत्री जनमन के हितग्राही मूलक, स्व-सहायता समूह द्वारा की जा रही आर्थिक गतिविधियों लाईवलीहुड का अवसर बढ़ाने पर जोर दिया। इसके अलावा कैम्पा निधि के कार्यो, वृक्षारोपण के लिए कार्ययोजना, हितग्राहियों का चयन, लघुवनोपज क्रय, लघुवनोपज संग्राहकों का पंजीयन कार्यो, नदी किनारे वृक्षारोपण, वन्यजीव-मानव संघर्ष की घटना विषय पर आवश्यक चर्चाकर निर्देश दिए। इस अवसर पर बस्तर आईजी सुन्दरराज पी., लघुवनोपज कॉर्पोरेशन के प्रेम कुमार, डीआईजी बालाजी राव सहित वन विभाग सीसीएफ गुप्ता, दुग्गा सहित संबंधित विभागों के संभागीय अधिकारी और जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

## क्रिसमस कार्यक्रम में गरीब व निशक्तों को कमेटी ने दिया गिफ्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में शुक्रवार को पुअर फंड कमेटी की ओर से क्रिसमस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रेव्ह. युसूफ सिंह ने किया, जिसमें समाज के गरीब और निशक्त लोगों को क्रिसमस गिफ्ट दिया गया, उनके साथ क्रिसमस केक भी काटा गया। मुख्य वक्ता डीएस रविंद्र नाथ द्वारा यीशु मसीह के जन्म उत्सव का संदेश दिया गया। कमेटी के अध्यक्षा श्रीमती मोनिका हारून ने बताया इस प्रकार का आयोजन समय-समय पर आयोजित किया जाता है और अगर किसी परिवार में किसी भी प्रकार की कोई समस्या है तो उनके मध्य जाकर उन सारी परेशानियों को दूर करने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रुप से श्रीमती रचना जान, श्रीमती रश्मि लेवी, श्रीमती बसंती नाथ, श्रीमती दीपशिखा सिंह, श्रीमती अचला सिंग, श्रीमति प्रेममणि तिवारी, श्रीमति नीला सामंत, जॉर्डन सामंत, विजय का आभार माना। कार्यक्रम के दौरान मेथोडिस्ट चर्च चर्च के सभी लोकल प्रीचर और मिशनरी और पास्टर शामिल रहे। अंत में डीएस रविंद्र नाथ द्वारा आशीष वचन देकर कार्यक्रम समाप्त किया गया। इस दौरान मिसनरी बामदेव, पांडू, मंधर, बामन कश्यप, फंगनू कश्यप और सेमसंग बघेल उपस्थित रहे। इसकी जानकारी मसीह समाज प्रवक्ता अनिमेष दास ने दी।

## दंतेवाड़ा व बीजापुर जिले के उपभोक्ताओं को मिली बेहतर बिजली सेवा

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

विद्युत कंपनी ट्रांसमिशन लाईन ने बारसूर में नया 40 एमव्हीए का ट्रांसफार्मर को चार्ज किया। इससे दंतेवाड़ा एवं बीजापुर जिले क्षेत्र में

■ ट्रांसमिशन लाईन ने बारसूर में 40 एमव्हीए का चार्ज किया नया ट्रांसफार्मर

■ सुकमा, नारायणपुर व कांकेर में भी लगेगा 40 एमव्हीए का ट्रांसफार्मर

अब उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा मिल रही है। नए ट्रांसफार्मर की लागत लगभग साढ़े 4 करोड़ रूपए बताई जा रही है।





चार्ज के समय विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के ईडी सहित ट्रांसमिशन के अधीक्षण अभियंता पीआर साहू, श्री देशमुख, सहायक, कनिष्ठ अभियंता शामिल रहे। बताया जा रहा है कि बारसूर में पूर्व से 40 एमव्हीए का ट्रांसफार्मर लगा था अब इस नए ट्रांसफार्मर से दोनों जिलों में मरम्मत में उपभोक्ताओं को ज्यादा दिन बिजली बंद नहीं हो सकेगी। साथ ही वर्तमान में सुकमा, नारायणपुर एवं कांकेर जिला मुख्यालय में भी 40 एमव्हीए का ट्रांसफार्मर पहुंच गया, जो शीघ्र ही चार्ज किया जाएगा।

### उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि इस नए ट्रांसफार्मर चार्ज होने से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। क्षेत्र के कार्यपालन अभियंताओं, सहायक, कनिष्ठ अभियंता को निर्देश दिया कि वे उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली देने का प्रयास करें।

## प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय और लेखाओं का मिलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विधानसभा निर्वाचन के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों बस्तर, जगदलपुर एवं चित्रकोट के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय और लेखा संबंधी विवरणों की जांच व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन द्वारा शुक्रवार को मिलान किया गया। जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी प्रत्याशियों एवं अभिकर्ताओं द्वारा निर्वाचन प्रचार-प्रसार के लिए किये गए सम्पूर्ण लेखा एवं व्यय संबंधी विवरण व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसकी जांच व्यय प्रेक्षक के द्वारा की गई। व्यय अनुवीक्षण सेल द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्यय की विस्तृत जानकारी पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सहमति दी गई। इस दौरान तीनों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी रहे एसडीएम सहित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सफाई अभियान में जुटे सफाई दीदी और स्वच्छता मित्रों को नए साल में करें सम्मान : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर सफीरा साहू ने जारी बयान में कहा 1 जनवरी को जब सफाई दीदी और स्वच्छता मित्र डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए घर पहुंचे तो उनको प्रोत्साहित करने फूलों से उनका स्वागत करें।

नमन अभियान सफाई दीदीयों-सफाई मित्रों का सम्मान अभियान को सफल बनाने के लियें शहर के सभी समाज और वर्गों को गणमान्य नागरिकों से नमन अभियान को सफल बनाने महापौर ने आग्रह किया है। उन्होंने कहा नमन अभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक है। स्वच्छता दीदी एवं सफाई मित्र शहर को स्वच्छ बनाने के लिए लगातार कठिन परिश्रम कर शहर को सफाई और सुंदर जगदलपुर की परिकल्पना को




साकार करने में जी जान से जुटे हैं। इस दौरान पूरी तन्मयता और लगन के साथ फील्ड में कार्य कर रहे हैं। स्वच्छता दीदी एवं सफाई मित्रों के सम्मान में नमन अभियान को नगर निगम के द्वारा शहर वासियों के सहयोग से ही सफल होगा। पूरे शहर मे चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के कार्य योजना व्यापक स्तर पर शहर में प्रचार प्रसार कर इस अभियान को सफल बनाना है। इस अभियान को सफल बनाने में सभी की सहभागिता जरूरी है। जिसमें सभी वर्गों के नागरिकों के द्वारा सहयोग करने की बात कही गई। 1 जनवरी को डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य में संलग्न हमारे स्वच्छता दीदी एवं सफाई मित्रों को अपने अपने घर आंगन मे फूलों एवं अन्य माध्यम से अभिनंदन कर उन्हें प्रोत्साहित करें। आपके द्वारा किए गए अमूल्य कार्य का फोटो एवं वीडियो नगर निगम द्वारा जारी किए गए नंबर 09171352548 तथा 097705 77800 पर व्हाट्सएप कर सहयोग करें।

## कांगेर घाटी में विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण आमचो रान आमचो जीवना की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले के अन्तर्गत स्थित कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जैवविधता घने जंगलों के साथ-साथ यहां पाये जाने वाले लाईम स्टोन की गुफाओं, अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य, तीरथगढ़ जलप्रपात एवं स्थानीय आदिवासी संस्कृति के लिए जाना जाता है।

छत्तीसगढ़ का राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना के रहवास के साथ यहां दुर्लभ प्रजातियां जैसे माऊस डियर, जंगली भेड़िया जैसे अनेक वन्यप्राणी पाये जाते है वन्यप्राणी संरक्षण की दिशा में राष्ट्रीय उद्यान द्वारा लगातार ग्रामीणों के साथ मिलकर संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान धम्मशील गणवीर ने बताया कि बस्तर के इस प्राकृतिक सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करने के लिए स्कूल एवं कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थियों में जागरूकता तैयार करने हेतु राष्ट्रीय उद्यान द्वारा शैक्षणिक भ्रमण 'आमचो रान आमचो जीवना' की सुविधा 2 जनवरी से प्रारंभ की जा रही है। बस्तर संभाग के स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन शैक्षणिक भ्रमण हेतु आमंत्रित करता है।



## विवि की पांच छात्राओं का तीरंदाजी स्पर्धा में चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की तीरंदाजी टीम ईस्ट जोन विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में शामिल होने 23 से 26 दिसम्बर तक पंजाब विवि पटियाला गई थी। स्पर्धा में शहीद महेंद्र कर्मा विवि के पांच छात्राओं का चयन अखिल भारतीय विश्वविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगीता के लिए हुआ है। सभी चयनित खिलाड़ी 28 से 31 दिसम्बर तक पंजाब विवि पटियाला में ही आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चयनित खिलाड़ियों में रमिता शोरी, शनीला नेताम, रत्ना दीवान, शुशीला नेताम, सावित्री मंडावी को शहीद महेन्द्र कर्मा विवि के कुलपति प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलसाचिव अभिषेक बाजपेई समेत संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग बीएल केंवट , क्रीड़ा समिति सदस्य भगत सोनी, क्रीड़ा अधिकारी नवीन सिंह, मैनेजर सुंदर लाल भूआर्य,कोच त्रिलोचन मंहता ने बधाई दी देते हुए चयनित छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जनपद पंचायत बीजापुर में मनाया गया सुशासन दिवस

**बीजापुर।** जनपद पंचायत बीजापुर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को उनके जयंती पर स्मरण कर सुशासन दिवस मनाया गया। इस दौरान भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र में माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात संकल्प लेकर सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत गीत कुमार सिन्हा सहित जनपद कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## सम्मेलन में वैभव व शुक्ला दास दो योग साधक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अप्रैल माह तक 100 योग क्लास संचालित करने वाले जिले को भी पतंजलि द्वारा रामलीला के दर्शन के लिए अयोध्या ले कर जायेंगे, यह निर्णय पतंजलि योग समिति द्वारा रायपुर में आयोजित महासम्मेलन में लिया गया।

पतंजलि योग समिति हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 दिसंबर रविवार को रायपुर में कार्यकर्त्ता महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, महिला पतंजलि योग समिति, पतंजलि युवा भारत छत्तीसगढ़, किसान सेवा समिति एवं सोशल



मिडिया के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। इस विराट महासम्मेलन में पतंजलि योग पीठ हरिद्वार से छत्तीसगढ़ प्रभारी पूज्य स्वामी नरेंद्र देव का विशेष रूप उपस्थित होकर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ता को आशीर्वाद दिया और सभी कार्यकर्त्ता को स्वस्थ छत्तीसगढ़ - समृद्ध छत्तीसगढ़ के भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। महासम्मेलन में प्रत्येक जिले से दो योग साधको को उत्कृष्ट योगदान के लिए चयनित किया गया था, जिसमे बस्तर जिले से दो योग साधक वैभव यादव एवं श्रीमती शुक्ला दास को ससम्मान किया गया।

महासम्मेलन में पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधित्व मण्डल में भारत स्वाभिमान प्रान्त प्रभारी व पूर्व अध्यक्ष योग आयोग संजय अग्रवाल, राज्य प्रभारी गणेश तिवारी किसान सेवा समिति, पतंजलि राज्य सोशल मिडिया प्रभारी श्रवण केजरीवाल, प्रान्त प्रभारी पतंजलि योग समिति छ.ग. राज्य कार्यालय प्रभारी डॉ मनोज पानीग्राही, प्रान्त प्रभारी राज्य प्रभारी राज्य कार्यालय प्रभारी भाई देवी लाल, बस्तर जिला प्रभारी इला हरी प्रसाद राव, शहर इकाई जगदलपुर अध्यक्ष उमेश सोनी, महिला शहर इकाई जगदलपुर अध्यक्ष मंजू लुकड़, शुक्ला दास, संगीता जैन, गायत्री बढकस, ईश्वरीय पासवान, भारती साहू, मान कोरम, किरण दीवान, पवन मोदी शम्मी कपूर, मुकुंद दीवान एवं समस्त पतंजलि योग समिति बस्तर के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित हुए।

## पेंशन धारी कल्याण संघ की बैठक 5 को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ कार्यकारिणी की बैठक 5 जनवरी को छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ पर रखी गई है। बैठक में उप प्रांताध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अजय परिहार भी उपस्थित रहेंगे। नये वर्ष में, नयी सरकार के गठन के बाद हमारा संघ भी अपने स्थानीय विधायकों का सम्मान करना चाहता है, विधायक के पास बस्तर ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष का भार आपके कंधों पर है। एक कार्यक्रम में हमारे बुजुर्ग पेंशनर अपने जनप्रतिनिधियों को अपने बीच आमंत्रित करना चाहते हैं।

## हल्बा समाज ने धूमधाम से मनाया शक्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

हल्बा हल्बी आदिवासी समाज 32 गढ़ महासभा गढ़ जगदलपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी 48 पाली गांव के हल्बा समाज

■ शहर से सटे पंडरीपानी में समाज के लोग बड़ी संख्या में जुटे लोग

■ विधायक व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव हुए शामिल

समुदाय के लोग व सामान्य प्रकोष्ठ, कर्मचारी प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, एवं युवा प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी मिलकर 26 दिसम्बर को गढ़ जगदलपुर पण्डरीपानी में शक्ति दिवस धुमधाम से मनाया। इस अवसर पर विधायक व प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सम्मलित होकर मां दन्तेश्वरी, वीर शिरोमणी शहीद गेंदसिंह एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं सुखदेव पातर के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प माल्यापर्ण कर पूजा अर्चना किया। उन्होंने समाज के लोगो को संबोधित कर आर्शिवचन प्रदान किया। इस दौरान महिलाओं की रस्सा खींच, कुर्सी दौड़, और बालक-बालिकाओं का दौड़ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शक्ति दिवस में हल्बा समाज के पदाधिकारीयों द्वारा समाज के एक सूत्र में बांधे रखने व समाज के रीति-निति नियम का परिचायात्मक देते हुए, समाज के संस्कृति को बनाए रखने का संदेश दिया। अंत में ध्वजा अवतरण कर कार्यक्रम को समापन किया गया।







